**राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम द्वारा बिजली उत्पादन का लक्ष्य**

733. **श्री महेश्वर सिंह:** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम द्वारा विद्युत उत्पादन के संबंध में वर्ष-वार लक्ष्य क्या था और कितना-कितना विद्युत उत्पादित किया गया;

(ख) प्रत्येक परियोजना की विद्युत उत्पादन क्षमता कितनी-कितनी है और इसी अवधि में प्रत्येक परियोजना के अंतर्गत कितना-कितना उत्पादन हुआ;

(ग) क्या यह सच है कि कोयले की उपलब्धता संबंधी समस्या ही विद्युत उत्पादन में कमी का कारण है; और

(घ) यदि हां, तो इस समस्या के समाधान हेतु सरकार क्या कदम उठा रही है?

**विद्युत मंत्रालय में राज्य मंत्री और गैर-पारंपरिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय में राज्य मंत्री (डॉ० एस० वेणुगोपालाचारी):** (क) पिछले पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) द्वारा विद्युत उत्पादन हेतु निर्धारित किए गए लक्ष्य तथा वास्तविक विद्युत उत्पादन निम्नवत थे:—

| वर्ष | लक्ष्य | आकड़े मिलियन यूनिट में |
|---|---|---|
| | | वास्तविक विद्युत उत्पादन |
| 1991-92 | 54847 | 61574 |
| 1992-93 | 60837 | 66113 |
| 1993-94 | 66050 | 76478 |
| 1994-95 | 75000 | 78383 |
| 1995-96 | 83000 | 93155 |

(ख) एन०टी०पी०सी० की प्रत्येक परियोजना की अधिष्ठापित विद्युत उत्पादन क्षमता तथा पिछले पांच वर्षों के दौरान प्रत्येक परियोजना द्वारा उत्पादित विद्युत की मात्रा का ब्यौरा विवरण में दिया गया है **(नीचे देखिए)**।

(ग) और (घ) यद्यपि एन०टी०पी०सी० विद्युत उत्पादन लक्ष्यों को बढ़ाती रही है परन्तु यदि उन्हें अतिरिक्त कोयला उपलब्ध कराया जाता तो इनसे और अधिक विद्युत उत्पादन किया जा सकता था। कोयले की अतिरिक्त मात्रा प्राप्त करने के लिए विद्युत मंत्रालय एन०टी०पी०सी० की सहायता कर रहा है।

**विवरण**

**राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के कोयला आधारित केन्द्रों की क्षमता व विद्युत उत्पादन**

| केन्द्र | वितरण | 1991-92 | 1992-93 | 1993-94 | 1994-95 | 1995-96 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| एसएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०) | | 2000 | 2000 | 2000 | 2000 | 2000 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | 14034 | 13503 | 14641 | 14290 | 14983 |
| केएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०) | | 2100 | 2100 | 2100 | 2100 | 2100 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | 13285 | 13111 | 14523 | 13990 | 15397 |
| आरएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०) | | 2100 | 2100 | 2100 | 2100 | 2100 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | 11275 | 12384 | 14593 | 14496 | 14742 |
| एफएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०) | | 600 | 1100 | 1600 | 1600 | 1600 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | 3361 | 3693 | 3865 | 5402 | 6512 |
| बीएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०) | | 1260 | 1260 | 1260 | 1260 | 1260 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | 6627 | 6294 | 8296 | 8646 | 9272 |
| आरएचएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०) | | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 | 1000 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | 6510 | 6473 | 6868 | 6475 | 7621 |
| एफजीयूटीपीपी क्षमता (मे०वा०) | | | 420 | 420 | 420 | 420 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | | 1347 | 2523 | 1924 | 3107 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| एनसीटीपीपी क्षमता (मे०वा०) | | | 600 | 840 | 840 | 840 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | | 451 | 1546 | 2570 | 4427 |
| केएचएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०) | | | | | 630 | 840 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | | | | 586 | 2405 |
| टीएसटीपीएस क्षमता (मे०वा०) | | | | | 500 | 1000 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | | | | | 701 |
| टीटीपीएस क्षमता (मे०वा०) | | | | | | 460 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | | | | | 987 |
| एएनजीपीपी क्षमता (मे०वा०) | | 413 | 413 | 413 | 413 | 413 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | 2395 | 2052 | 2593 | 2342 | 2606 |
| एयूजीपीपी क्षमता (मे०वा०) | | 652 | 652 | 652 | 652 | 652 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | 3817 | 3188 | 3435 | 3574 | 3566 |
| डीजीपीपी क्षमता (मे०वा०) | | 262 | 524 | 817 | 817 | 817 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | 30 | 1483 | 1351 | 2291 | 3795 |
| केडब्ल्यूजीपीपी क्षमता (मे०वा०) | | 106 | 645 | 645 | 645 | 645 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | 0.18 | 1461 | 2244 | 2105 | 1960 |
| जेजीजीपीपी क्षमता (मे०वा०) | | 0 | 0 | 262 | 648 | 648 |
| | विद्युत उत्पादन (मि०यू०) | | | 1.95 | 396 | 2374 |

**"आयल पूल एकाउंट" से रुपया निकाला जाना**

734. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1993-94 के दौरान, कम वित्तीय घाटा दिखाने के लिए "आयल पूल एकाउंट" से 4000 करोड़ रुपये निकाले गए थे;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त एकाउंट में उपर्युक्त धनराशि फिर से जमा कर दी गई है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री टी०आर० बालू):** (क) से (ङ) सूचना एकत्र की जा रही है और सदन के पटल पर रख दी जाएगी।

**Working Group on Technical aspects of the Indo-Oman Pipeline Agreement**

735. SHRIMATI VEENA VERMA:
SHRI RAJUBHAI A. PARMAR:

Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether during the recent visit of the new Commerce and Industry Minister of Oman, an agreement was signed for setting up a joint working group consisting of Gas Authority of India and Oman Oil Company to study the technical aspects of the agreement for long term supply of gas by OOC to India through a $ 5 billion underwater pipeline;

(b) if so, what are its terms of reference; and

(c) whether feasibility and capability of the Oman Oil Company (OOC) had been studied before the agreement was signed; if so, what are the technical aspects to be studied by the joint working group?

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI T.R. BAALU):** (a) Yes, Sir.

(b) The Joint Working Group will expedite the feasibility study and identify agencies to finance the project.

(c) The Oman Oil Company had completed the pre-feasibility study before the Agreement was signed.